विज्ञापन संख्या : 844/भा.संविवि– 1(38)/2023/टी.सी.–II/अ0अति.शि. दिनांक 14 अगस्त, 2026

**–विज्ञापन–**

**(पद–अस्थायी अतिथि शिक्षक)**

भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा हरिहरपुर संगीत महाविद्यालय, आजमगढ़ में निम्नलिखित विषयों के अध्यापन हेतु शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिये परीक्षा सम्पन्न होने तक या नियमित नियुक्ति होने तक, जो भी पूर्व में हो, पूर्णतः अस्थायी रूप से अतिथि शिक्षकों को Walk in interview के माध्यम से अग्रिम आदेशों तक शैक्षणिक कार्य हेतु चयनित किया जाना है।

चयनित अतिथि शिक्षकों को भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा निर्धारित नियत पारिश्रमिक दिया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण–पत्रों एवं स्वसत्यापित छायाप्रतियों के साथ Walk in interview में दिनांक 21.08.2026 को प्रातः11:00 बजे तक भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ के कार्यालय में उपस्थित होकर साक्षात्कार में प्रतिभाग कर सकते हैं। अस्थायी अतिथि शिक्षकों के विषय एवं संख्या का विवरण निम्नवत् हैं :–

| **क्र.सं.** | **विषयानुसार आवश्यक शिक्षक** | **अतिथि शिक्षकों की संख्या** |
|---|---|---|
| 01 | अतिथि शिक्षक गायन | 01 |
| 02 | अतिथि शिक्षक कथक नृत्य | 01 |
| 03 | अतिथि शिक्षक तबला | 01 |
| 04 | अतिथि शिक्षक सारंगी | 01 |
| 05 | अतिथि शिक्षक सुगम संगीत | 01 |
| 06 | अतिथि शिक्षक लोकगीत | 01 |
| 07 | अतिथि शिक्षक ढोलक | 01 |
| 08 | अतिथि शिक्षक हारमोनियम | 01 |
| 09 | अतिथि शिक्षक लोकनृत्य | 01 |
| | **कुल योग** | **09** |

उक्त क्रमांक –01 से 4 तक शिक्षकों की चयन प्रक्रिया पूर्णतया मेरिट एवं यू.जी.सी. द्वारा निर्धारित मापदंडो के आधार पर की जायेगी। वरीयता क्रम निम्नानुसार रहेगा :–

1. संबंधित विषय में नेट/स्लेट परीक्षा उत्तीर्ण या पीएच.डी. उपाधि धारक।
2. निर्धारित विषय में स्नातकोत्तर स्तर पर सर्वोच्च अंक प्राप्त को वरियता दी जायेगी।
3. यदि स्नातकोत्तर विषय में विशेषज्ञता किसी एक विषय की हो तो, उसे उसी विषय के लिये मान्य किया जायेगा। उदाहरणार्थ संगीत में वादन के विद्यार्थियों की गायन में अर्हता नही मानी जायेगी।
4. क्रमांक –05 में अतिथि शिक्षक सुगम संगीत के लिये शास्त्रीय गायन में स्नातकोत्तर/निपुण/पारंगत तथा रेडियो में सुगम संगीत में बी.हाई ग्रेड एवं सुगम संगीत प्रशिक्षक कार्य का दो वर्ष का अनुभव।
5. क्रमांक –06 में अतिथि शिक्षक लोकगीत के लिये शास्त्रीय गायन में स्नातकोत्तर एवं लोकगीत में बी हाई ग्रेड एवं प्रशिक्षक कार्य का दो वर्ष का अनुभव।
6. क्रमांक –07 में अतिथि शिक्षक ढोलक के लिये तालवाद्य में निपुण/पारंगत/स्नातकोत्तर के साथ ढोलक का डिप्लोमा एवं बी हाई ग्रेड व प्रशिक्षक कार्य का दो वर्ष का अनुभव।
7. क्रमांक–08 में अतिथि शिक्षक हारमोनियम के लिये गायन या स्वरवाद्य में निपुण/पारंगत/स्नातकोत्तर के साथ हारमोनियम का डिप्लोमा एवं प्रशिक्षक कार्य का दो वर्ष का अनुभव।
8. क्रमांक–09 में अतिथि शिक्षक लोकनृत्य के लिये किसी शास्त्रीय नृत्य में स्नातकोत्तर/निपुण/पारंगत के साथ लोकनृत्य का डिप्लोमा एवं प्रशिक्षक कार्य का दो वर्ष का अनुभव।

**महत्वपूर्ण सूचना :–**

1. शैक्षणिक अर्हता के अन्तर्गत स्नातकोत्तर स्तर पर कम से कम 55 प्रतिशत अंक होने चाहिए। अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के अभ्यार्थियों के लिये अर्हता हेतु 50 प्रतिशत अंक मान्य होगा।
2. साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी द्वारा प्रर्दशन आवश्यक होगा।
3. यह पूर्णतः अस्थायी नियुक्ति है। आवश्यकतानुसार सेवा समाप्त की जा सकती है।
4. इस हेतु कोई नोटिस अवधि अनुमन्य नहीं है।
5. किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में विश्वविद्यालय का निर्णय अन्तिम होगा।
6. 

कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner